भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 4764

उत्तर देने की तारीखः 22.07.2019

दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम

4764. श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरेः

श्रीमती प्रतिमा भौमिकः

श्री देवजी एम. पटेलः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यूजीसी ने हाल ही में राज्य विश्वविद्यालयों और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान किए जा रहे कतिपय दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम की मान्यता समाप्त कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि यूजीसी के उक्त निर्णय से लाभ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को असुविधा न हो, क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा कृषि अनुसंधान एंव शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) से प्राप्त सलाह के अनुसार अवर-स्नातक स्तर पर कृषि तथा कृषि विस्तार एवं आतिथ्य और होटल प्रशासन में केंद्रीय/राज्य/राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों/ सम विश्वविद्यालयों के कुछ कार्यक्रमों को जुलाई, 2019 से शुरू शैक्षिक वर्ष से ओडीएल मोड में चलाने के लिए यूजीसी द्वारा रोका गया है। इसके अतिरिक्त, यूजीसी ने राज्य/राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के कुछ कार्यक्रमों को भी ऐसे विश्वविद्यालयों में समग्र शैक्षिक सुविधाओं को पूरा करने में सफल न होने के कारण रोक कर रखा है। जिन केंद्रीय/ राज्य/ राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों/ सम-विश्वविद्यालयों के कुछ कार्यक्रमों को वापिस लिया गया है यो रोक कर रखा गया है, उनकी सूची अनुबंध-I में दी गई है।

(ग): यूजीसी ने संबंधित विश्वविद्यालयों को पहले ही अनुदेश जारी कर दिए हैं कि शैक्षिक वर्ष 2018-19 तक ऐसे पाठ्यक्रमों में पहले से दाखिल छात्रों को उनके पाठ्यक्रम/कार्यक्रम पूरे होने तक सभी आवश्यक सहायता प्रदान करके उनके हितों की रक्षा की जाएगी।

अनुबंध-I

दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे, श्रीमती प्रतिमा भौमिक और श्री देवजी एम. पटेल द्वारा 22.07.2019 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 4764 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वापस लिए गए या समीक्षाधीन ओडीएल कार्यक्रमों की सूची

क्र.सं.	**उच्च शिक्षण संस्थानों के नाम**	**कार्यक्रमों के नाम**		**टिप्पणियां**
1.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय	1	बी.एससी. (हास्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2019-20 के बाद से वापस लिया गया
2.	उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय	2	बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट	
		3	मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट	
3.	यशवंतराव चह्वाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय	4	बी.एससी. (एग्रीकल्चर)	
		5	बी.एससी. (हॉर्टिकल्चर)	
		6	एम.एससी. (एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन)	
4.	पद्मश्री डॉ. डी.वाई. पाटिल विश्वविद्यालय	7	बी.एससी.(क्यूलेनरी स्टडीज)	
5.	शिवाजी विश्वविद्यालय	8	मास्टर ऑफ कामर्स (वैल्यूएशन ऑफ रियल स्टेट)	समीक्षाधीन
6.	यशवंतराव चह्वाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय	9	बी.एससी. (इंडस्ट्रियल साइंस)	
		10	बी.एससी. (ऑटोमोटिव टेक्निक्स)	
		11	बी.एससी. (कन्स्ट्रक्शन प्रैक्टिसेस)	
		12	बी.एससी. (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स टेक्निक्स)	
		13	बी.एससी. (फैसिलिटी सर्विसेस)	
7.	तमिलनाडु मुक्त विश्वविद्यालय		बी.एससी. (एयरक्राफ्ट मेंटिनेंस)	